कार्यालय मुख्य कार्मिक अधिकारी

गो0 ब0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, जि0–ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्रांकः पीएमए / सी–6 / 608 दिनांकः मार्च 20 , 2026

कार्यालय आदेश

पंतनगर विमान पत्तन (Airport) के विस्तारीकरण के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों आदि का ध्वस्तीकरण के साथ ही साथ अधिगृहीत की गई भूमि को हस्तान्तरित किये जाने के संबंध में विश्वविद्यालय, जिला प्रशासन एवं शासन स्तर पर आयोजित विभिन्न बैठकों में व विभिन्न प्रक्रियाओं में डा0 जयन्त सिंह, तत्कालीन मुख्य महाप्रबन्धक (फार्म) द्वारा प्रतिभाग किया गया था जिस कारण इस विषय में उन्हें पर्याप्त अनुभव है। वर्तमान में लगभग 600 एकड़ जमीन उत्तराखण्ड शासन द्वारा अधिगहीत कर ली गई है जिस कारण हटाये गये/ध्वस्त किये गये विश्वविद्यालय के भवनों व कार्यालयों आदि को विश्वविद्यालय में पुनर्स्थापित किये जाने हेतु प्रस्ताव बनाये जाने हैं। जिला प्रशासन एवं शासन स्तर पर सामंजस्य बनाकर अग्रेत्तर कार्य किया जाना है।

उपरोक्त कार्यों के सम्पादन हेतु कुलपति जी द्वारा डा0 जयन्त सिंह, प्राध्यापक, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग एवं निदेशक, विधि (पूर्व मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म) को नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान मुख्य महाप्रबन्धक (फार्म)–डा0 टी0पी0 सिंह, उन्हें आवश्यकतानुसार सहयोग प्रदान करेंगे। डा0 जयन्त सिंह की अन्य सेवा शर्तें यथावत् रहेंगी।

उक्त आदेश कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 17.03.2026 के क्रम में निर्गत किया जा रहा है।

(बी0एस0 चलाल)पी0सी0एस0
मुख्य कार्मिक अधिकारी

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. डा0 जयन्त सिंह, प्राध्यापक, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग एवं निदेशक, विधि (पूर्व मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म)।
2. डा0 टी0पी0 सिंह, मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म।
3. विभागाध्यक्ष, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग
4. अधिष्ठाता, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय
5. निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण
6. नियंत्रक।

   नोडल आफीसर एम0 आई0 एस0 सी0

8. प्रभारी अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट
9. कुलपति जी के निजी सचिव को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
10. वैयक्तिक पत्रावली (सी–4)

Office University Website Management Cell
No./CTE/UWMC 2435
Date: 10/4/26
G.B. Pant Univ. of Agri. & Tech., Pantnagar